जनपद हमीरपुर

**थाना- मौदहा** **दिनांक 20.08.2026**

**थाना मौदहा पुलिस द्वारा अवैध अल्प्राजोलम (नशीली दवा) के साथ 01 अभियुक्त एवं 02 अभियुक्ताओं की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।**

**पुलिस कार्यवाही-**

आज दिनांक 20.08.26 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं की बिक्री/तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौदहा पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त एवं 02 अभियुक्ताओं को 103 ग्राम अवैध अल्प्राजोलम (नशीली दवा) एवं एक चार पहिया वाहन के साथ डिग्री कॉलेज पुलिया के पास, कस्बा मौदहा से गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना मौदहा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 278/26 धारा- 21/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूछताछ का विवरण:-

पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि वे लोग दूर-दराज के शहरों में जाकर कस्बों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बस/टैक्सी में सवारी के रूप में बैठते हैं तथा यात्रा के दौरान अन्य यात्रियों से जान-पहचान एवं दोस्ती कर लेते हैं। इसके बाद मौका पाकर यात्रियों को खाने-पीने की वस्तु में नशीला पाउडर मिलाकर खिला देते हैं, जिससे यात्री सुस्ती अथवा नींद की अवस्था में चले जाते हैं। इसके उपरान्त अभियुक्तगण द्वारा उनकी बेहोशी/नींद का लाभ उठाकर उनके बैग, सामान एवं पास में रखी कीमती वस्तुओं को चोरी कर लिया जाता है।

बरादमगी का विवरण-

103 ग्राम अल्प्राजोलम (नशीली दवा)

एक अदद चार पहिया वाहन।

गिरफ्तार अभियुक्त / अभियुक्ता का विवरण-

1.भीम पुत्र अमीचन्द्र (उम्र करीब 29 वर्ष) निवासी फिरोजपुर, थाना सदर, जनपद पलवल हरियाणा।

2.आशू उर्फ सन्तोष पत्नी राजकुमार (उम्र करीब 38 वर्ष) निवासी ग्राम रुद्र इकरन, थाना चिकसारा, जनपद भरतपुर राजस्थान।

3.ज्योति बावरिया पत्नी भीम बावरिया (उम्र करीब 26 वर्ष) निवासी फिरोजपुर, थाना सदर, जनपद पलवल हरियाणा।

गिरफ्तारी पुलिस टीम-

1.उ0नि0 अभिषेक त्रिवेदी

2.म0उ0नि0 कोमल

3.का0 विजय प्रताप

4.का0अमित

5.रि0का0 जयदीप

6.रि0म0आ0 काजल

